समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# 22 लाख की छोटी शुरुआत, आज भारत-दुबई मे फंलूदा शॉप का नाम चर्चित

Publisher

Published on 13 Feb 2026




एक टेक इंजीनियर ने कोर्पोरेट दुनिया की सुरक्षित नौकरी छोड़कर अपने जुनून को व्यवसाय में बदल दिया, और अब उसकी सफलता की कहानी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। बेंगलुरु के रहने वाले **प्रदीप कन्नन** ने 2019 में **Oracle India** में उच्च पद की नौकरी छोड़ दी थी। वह अपनी पसंद के अनुसार खाने-पीने के छोटे व्यवसाय में कदम रखना चाहते थे और उन्होंने **The Falooda Shop** नाम से एक फलूदा-आइसक्रीम कैफे खोलने का निर्णय लिया।

प्रदीप ने हाल ही में अपने पहले आउटलेट को शुरू करने में आए **लगभग ₹22 लाख** के निवेश का विस्तृत विवरण **सोशल मीडिया पर साझा** किया। उन्होंने बताया कि इस खर्च में मुख्य रूप से दुकान का **रेटं डिपॉजिट ₹2.4 लाख**, **लाइसेसं-रेकॉर्डिंग लगभग ₹60,000**, और **बुनियादी उपकरणों पर ₹2 लाख** खर्च हुआ।

सबसे बड़ा खर्च **₹10 लाख** फर्नीचर और अंदरूनी सजावट पर गया। इसके अलावा **कच्चा माल व पैकेजिंग पर ₹3.2 लाख**, **पहले महीने के स्टाफ का वेतन ₹80,000**, और **ब्रांडिंग तथा उद्घाटन कार्यक्रम पर ₹1 लाख** खर्च हुआ। उन्होंने **वॉर्किंग कैपिटल** के लिए भी ₹2 लाख अलग रखे। इस निवेश को लेकर उन्होंने कहा कि “बढ़िया सजावट नहीं, बल्कि **ग्राहकों का बार-बार आना ही व्यवसाय की असली कुंजी** है।”

प्रदीप का यह कैफे अब एक छोटा आइडिया नहीं रहा। छह साल के भीतर **The Falooda Shop** भारत भर में फैल गया है और अब इसके **18 से अधिक आउटलेट्स भारत और दुबई मे** संफलतापूर्वक चल रहे हैं।

उनकी कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है जो सुरक्षित नौकरी छोड़कर अपने जुनून को व्यवसाय में बदलने का सपना देखते हैं। प्रदीप ने साबित कर दिया है कि सही योजना और ग्राहकों के अनुभव पर ध्यान देने से छोटे निवेश से भी बड़ा कारोबार खड़ा किया जा सकता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.